भारत सरकार /**GOVERNMENT OF INDIA**
रेलमंत्रालय/ **MINISTRY OF RAILWAYS**
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
**MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI**

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 14.10.2024

## आरेडिका के केन्द्रीय विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

स्वच्छता पखवाडे के तहत आरेडिका चिकित्सालय द्वारा आरेडिका परिसर में स्थित केन्द्रीय विद्यालय में छात्र–छात्राओं के लिए एक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 787 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. मनीष कुमार मंडल चिकित्सा अधिकारी (चाइल्ड स्पेशलिस्ट), डॉ. आकांक्षा (दंत चिकित्सक) एवं पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा किया गया । स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान 74 बच्चों में आंखों की समस्या, 5 में पीलिया, 2 में हृदय संबंधी, 1 में किडनी और 13 में कान, नाक, गले की समस्याएं पाई गई । सभी बच्चों के माता–पिता को सलाह दी गई कि वे चिकित्सालय आकर आगे के परीक्षण करवाएं ।

डॉ. भूमिका सिंह, आहार विशेषज्ञ, ने कक्षा 9 से 12 तक की छात्राओं के लिए आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया पर आधारित एक व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं के साथ आहार और अन्य स्वास्थ्य मुद्दों से संबंधित उनके प्रश्नों पर चर्चा की ।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों के स्वास्थ्य की स्थिति की जाँच करना और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता प्रदान करना था ।

14.10.2024

(आर.एन.तिवारी )
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी